भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 529
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 06 फरवरी, 2023
17 माघ, 1944 (शक)

वैश्विक मंच पर भारतीय स्मारकों को बढ़ावा देना

529. श्री कुरूवा गोरांतला माधव:
डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:
श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में स्मारकों पर औसतन कितनी भिड़ उमड़ी हैं;

(ख) क्या सरकार ने स्मारकों में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए कोई संवर्धनात्मक पहल की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए भारतीय स्मारकों को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): देश में टिकट वाले केंद्रीय संरक्षित स्मारकों में आने वाले पर्यटकों की संख्या इस प्रकार है:

वर्ष	पर्यटकों की संख्या
2017-18	5,17,92,441
2018-19	5,31,52,423
2019-20	4,83,66,190
2020-21	1,19,12,580
2021-22	2,63,65,564

(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सभी संरक्षित स्मारकों और स्थलों का संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण करता है और उनके परिवेश को प्रदर्शनीय स्थिति में बनाय रखना भी सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त स्मारकों में भ्रमण करने आने वाले पर्यटकों को सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाती हैं।

(ग): ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): भारतीय स्मारकों का यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल होना अंतराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तेलंगाना में काकतीय रूद्रेश्वर (रमप्पा) मंदिर और गुजरात में धोलावीरा: एक हड़प्पन शहर को वर्ष 2021 में विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था। इसके अलावा भारत ने वर्ष 2022 के लिए पश्चिम बंगाल में 'शान्तिनिकेतन' और वर्ष 2023 के लिए कर्नाटक में 'होयसाला के पवित्र इन्सेंबल' के नामांकन डोजियर पहले ही प्रस्तुत कर दिए हैं।

इसके अलावा पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार विश्व पर्यटन मार्किट में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए देश के स्मारकों सहित विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और पर्यटन स्थलों को आगे बढ़ाने के लिए पर्यटन सृजन मर्किट में भारत को समग्र गंतव्य स्थल के रूप में प्रचारित करता है।

उपर्युक्त उद्देश्य एकीकृत मार्किटिंग और संवर्धनात्मक रणनीति और पर्यटन व्यापार, राज्य सरकारों और विदेश में भारतीय मिशनों के सहयोग से एक मिले-जुले प्रयास के माध्यम से पूरे किए जाते हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने ''अतुल्य भारत: वर्ष 2023 में भारत भ्रमण करें'' घोषित किया है।

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा में दिनांक **06.02.2023** को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या **529** के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

केंद्रीय रूप से संरक्षित स्मारकों पर उपलब्ध सुविधाओं का विवरण ।

क्र.सं.	सुविधा का प्रकार	स्मारकों पर उपलब्ध है
1.	दृष्टिकोण मार्ग	2201
2.	ब्रेल साइनेज	101
3.	संस्कृति सूचना बोर्ड	1164
4.	संरक्षण नोटिस बोर्ड	2826
5.	दिव्यांग शौचालय	270
6.	पुरूष शौचालय	546
7.	महिला शौचालय	514
8.	बेंच	584
9.	पेय जल	642
10.	पार्किंग	260
11.	वाईफाई सुविधा	61
12.	ऑडियो गाइड / ऐप आधारित गाइड	9

*****